>

Title: Need to have Kamayani Express' up-down at Suryama in Bhadohi Parliamentary Constituency.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय को उठाने की अनुमति दी। मेरा संसदीय क्षेत्र भदोही है। मैं उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचल भदोही से चुनकर आता हूं। जो भी रेल मंत्री आए, उन्हें हमने कामायिनी एक्सप्रैस ट्रेन, जो मुम्बई जाती है, उसका अप-डाउन सूर्यामा में करने के लिए दर्जनों बार लिखकर दिया। उसके लिए आन्दोलन हुआ, भूख हड़ताल हुई, महीनों तक लोग आंदोलित रहे। अधिकारी आए, आश्वासन देकर गए। अभी माननीय रेल मंत्री जी यहां बैठे हुए थे। हमने उन्हें बजट सत्र में लिखकर दिया। इसके अलावा और भी कई बार इस मामले को उठाया। हमें सदन में भी इस बारे में आश्वासन मिला, लेकिन उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। साथ ही शिवगंगा एक्सप्रैस जो बनारस से दिल्ली आती है, इलाहाबाद-बनारस के बीच भदोही जनपद का मुख्यालय ज्ञानपुर है। ज्ञानपुर रोड पर उस ट्रेन को रोकने के लिए हमने कई बार लिखकर दिया, लेकिन आश्वासन मिलने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो पाई।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि कामायिनी एक्सप्रैस का अप-डाउन सूर्यामा में दिया जाये। इसी तरह इंटरसिटी जो लखनऊ के लिए जाती है, यह नयी ट्रेन चली है, वह भी सूर्यामा में रुके और शिवगंगा एक्सप्रैस, जिसकी मांग बहुत दिनो से चल रही है, उसे भी ज्ञानपुर रोड पर रोका जाये।

मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करना चाहता हूं जिसके लिए हमने दर्जनों बार लिखकर दिया है। हमें सदन में आश्वासन भी मिला है। कृपया इस पर कार्यवाही हो, यह मैं आपके माध्यम से आश्वासन चाहता हूं।

सभापति महोदय : आप रिपीटिशन मत कीजिए। आपकी बात आ गयी है। धन्यवाद।